## फ्री कोचिंग के आवेदन 14 तक

**बीकानेर,**(कासं)। यहां एमबीबीएस, आईआईटी सहित विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स और सरकारी नौकरी की भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। राज्य सरकार की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए 14 सितम्बर तक आवेदन किया जा सकता है।

चयनित उम्मीदवारों को प्रदेश की प्रमुख कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश दिलाया जायेगा, जिसका पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी आवेदन एसएसओ पोर्टल के माध्यम से विभागीय ऐप पर कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत 30 हजार सीटों पर फ्री कोचिंग की सुविधा दी जायेगी। प्रवेश वरीयता के आधार पर मिलेगा। वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 सितम्बर 2025 तय की गई है।

योजना के तहत अभ्यर्थी इन प्रोफेशनल कोर्स एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, आरपीएससी की आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, आरपीएससी की सब-इंस्पेक्टर एवं लेवल-10 तक की अन्य परीक्षाएं। आरएसएसबी की पटवारी/कनिष्ठ सहायक परीक्षा व अन्य परीक्षाएं (पे लेवल 5 से ऊपर एवं लेवल 10 से कम तक)।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि आवेदन केवल राजस्थान मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए है, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग एवं विशेष योग्यजन श्रेणी से आते हों।

# 'भारत में 1.6 लाख लोग प्रति वर्ष आत्महत्या से जान गंवाते हैं'

**बीकानेर,**(कासं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मानसिक रोग एवं नशामुक्ति विभाग, सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं पीबीएम अस्पताल द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2025 के लिए थीम चेंजिंग द नरेटिव ऑन सुसाइड एण्ड कॉल टू एक्शन,

- **अवसाद के लक्षणों को समय पर पहचानने और प्रभावित व्यक्तियों की सहायता करने की आवश्यकता पर जोर दिया**
- **आत्महत्या रोकथाम के उपायों पर चर्चा**

स्टार्ट कन्वर्सेशन निर्धारित की है। इसके तहत 10 से 16 सितम्बर तक विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 सितम्बर को प्रात: 7:30 बजे सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय से जन जागरूकता पैदल रैली का शुभारंभ हुआ। रैली का उद्घाटन प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी, पी.बी.एम. अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. जी. एस. तंवर और मस्तिष्क रोग विभागाध्यक्ष डॉ. इंद्रपुरी ने हरी झंडी दिखाकर किया।




**विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता रैली को प्रधानाचार्य डॉ. गुंजन सोनी, पी.बी.एम. अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, मस्तिष्क रोग विभागाध्यक्ष डॉ. इंद्रपुरी ने ही झंडी दिखाकर रवाना किया।**

रैली का नेतृत्व मनोरोग विभाग के आचार्य डॉ. श्रीगोपाल गोयल, सहायक आचार्य डॉ. राकेश गढ़वाल और डॉ. मुरलीधर स्वामी ने किया। यह रैली महाविद्यालय से शुरू होकर ब्रह्माकुमारी आश्रम, पी.बी.एम. चिकित्सालय होते हुए शिवकिशन मिंडाराम राजकीय मनोचिकित्सा एवं नशामुक्ति विभाग में समाप्त हुई। साथ ही विभाग में पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नर्सिंग विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. रेखा आचार्य ने आत्महत्या रोकथाम के उपायों पर चर्चा करते हुए बताया कि विश्व में प्रतिवर्ष 8 लाख और भारत में 1.6 लाख लोग आत्महत्या से जान गंवाते हैं। उन्होंने अवसाद के लक्षणों को समय पर पहचानने और प्रभावित व्यक्तियों की सहायता करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. श्रीगोपाल गोयल ने मानसिक तनाव के सामाजिक, आर्थिक, और पर्यावरणीय कारणों पर प्रकाश डाला और सुझाव दिया कि मानसिक तनाव से जूझ रहे लोग परिवार, मित्रों, या मनोचिकित्सक से खुलकर बात करें। सहायक आचार्य डॉ. राकेश गढ़वाल और डॉ. मुरलीधर स्वामी ने इस दिवस के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। मनोवैज्ञानिक डॉ. अंजु ठकराल ने मानसिक बीमारी को सामाजिक कलंक से मुक्त करने की अपील की और सकारात्मक सोच व योग निद्रा के महत्व को बताया। अवसाद में आत्महत्या नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया।

नर्सिंग शिक्षकों मनोज कुमारी, पूनम कुमारी, मंजू विश्नोई, वीर सिंह, और अनुपम परिहार ने भी आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त कर जानकारी दी।

## बिश्नोई मंदिर में लाइब्रेरी हॉल का लोकार्पण

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पदमपुर रोड स्थित बिश्नोई मंदिर में नवनिर्मित लाइब्रेरी हॉल व कमरों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। लाइब्रेरी हॉल व चार कमरों का निर्माण कार्य जन सहयोग से करीब 54 लाख रूपए की लागत से पूरा किया गया है।

बिश्नोई सभा के अध्यक्ष निहालचंद गिला ने बताया कि शिक्षाविद् स्व. डॉ. मदन गोपाल की पुण्यतिथि पर जाखड़ परिवार के धर्मवीर जाखड़ एवं चीफ इंजीनियर विमल कुमार जाखड़ द्वारा 21 लाख रूपए की लागत से तैयार वातानुकूलित एवं वाई फाई कनेक्शन सहित व नवनिर्मित लाइब्रेरी हॉल का विधिवत लोकार्पण राजाराम बिश्नोई ने फीता काटकर किया।

मंदिर परिसर में बिरमा देवी पत्नी पूर्णराम तरड़ द्वारा अपने पिता भजनलाल भादू, 63 एलएनपी गांव के बनवारी लाल गोदारा व उनकी पत्नी तुलसी देवी की स्मृति में उनके परिवार द्वारा निर्मित 10 लाख रूपए की लागत से दो-दो कमरों का भी उद्घाटन किया गया। गिला ने बताया कि जन सहयोग से 8 लाख रूपए से एक किचन व 15 लाख रूपए से चार कमरे भी तैयार किए गए हैं। इनका भी मंगलवार को लोकार्पण किया गया है। इस समारोह में डीएवी स्कूल के सेवानिवृत प्रिंसिपल राजाराम गोदारा, नोजगे स्कूल के डायरेक्टर पी. सूदन, प्रिंसिपल रोशनी बिश्नोई सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एस.एन. ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सोहनलाल सिहाग, राजेन्द्र धारणिया, सुरजाराम सिहाग, डॉ. धर्मवीर जाखड़, डॉ. उदयपाल आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया



**इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने गंगा संग्रहालय में रखी गुप्तकालीन व जैन कालीन कृतियों का अवलोकन किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने सेंटर फॉर म्यूजियम एंड डॉक्यूमेंटेशन के संयुक्त तत्वावधान में बीकानेर स्थित गंगा संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। विद्यार्थी भ्रमण दल ने भ्रमण निदेशक डॉ. मेघना शर्मा के नेतृत्व में गंगा संग्रहालय में रखी गुप्तकालीन व जैन कालीन प्रतिकृतियों का बारीकी से अवलोकन किया जिसमें, श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत उठाए हुए, एक ही संगमरमर के पत्थर पर उकेरी जैन सरस्वती मूर्ति, उमा महेश्वर प्रतिमा, चतुर्मुखी शिव भगवान की मूर्ति, कालीबंगा से प्राप्त सामग्री को नज़दीकी से देखा जिनमें मानकों की माला व छोटे बड़े औज़ार शामिल थे। भ्रमण प्रभारी अतिथि शिक्षक डॉ. रीतेश व्यास ने संग्रहालय में मूर्तियों के काल से संबद्ध इतिहास का वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को प्राचीन भारत के गौरव और विरासत से परिचित करवाया। विद्यार्थियों ने गंगासिंह द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रेलगाड़ी की प्रतिकृति, जिरह बख्तर व युद्ध काल में इस्तेमाल होने वाली तोपों, हथियारों, कवचों के साथ महाराजा गंगासिंह के दरबार की प्रतिकृति का भी अवलोकन किया। डॉ . मेघना शर्मा ने विश्वविद्यालय के ही इतिहास विभाग के पूर्व छात्र गोल्ड मेडलिस्ट राकेश शर्मा को राजस्थान लोक सेवा आयोग से उत्तीर्ण परीक्षा उपरांत म्यूजियम क्यूरेटर के पद पर ज्वाइनिंग करवाई व विश्वविद्यालय की ओर से उनका अभिनंदन किया। भ्रमण दल में अतिथि शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. गोपाल व्यास, डॉ . मुकेश हर्ष, रिंकू जोशी, जसप्रीत सिंह, तुलछाराम आदि शामिल थे।

### पार्क का गेट जर्जर, बंद होने से जाम



**जूनागढ़ के सामने स्थित पब्लिक पार्क का गेट जर्जर, गेट बंद होने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी।**

**बीकानेर,** (कासं)। ऐतिहासिक धरोहर जूनागढ़ के सामने स्थित पब्लिक पार्क के तीन गेटों में से एक मुख्य गेट पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। इस गेट को बंद कर देने से ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है और प्रतिदिन वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग रही हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने बताया कि पब्लिक पार्क के तीनों गेट बीकानेर शहर की यातायात व्यवस्था के लिए अहम हैं। दिन भर हजारों वाहन इन्हीं मार्गों से गुजरते हैं लेकिन जर्जर होने के कारण एक गेट को बंद कर दिया गया है, जिससे रोजाना जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे ऑफिस, हॉस्पिटल और अन्य जरूरी कामों पर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जादुसंगत ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत इस गेट की मरम्मत और संरक्षण का कार्य शुरू करे ताकि इसे पुन: खोलकर यातायात को सुचारू बनाया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। जिससे आमजन व पर्यटकों की जान खतरे में पड़ सकती है। धरोहर स्थलों और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### दूषित पेयजल सप्लाई से आक्रोश

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। तीन ई छोटी गली नंबर 7 व गली नंबर 4 में दूषित पेयजल सप्लाई होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। गली नंबर 4 के रतनलाल मोयल का कहना है कि घरों में तीन-चार दिन से मटमैला, बदबूदार पानी सप्लाई में आ रहा है। यह समस्या लम्बे समय से बनी हुई है। रामलाल कॉलोनी में भी गंदा पानी सप्लाई में आ रहा है। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पेयजल लाइन लीकेज और दूषित पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं मिल रहा है। आये दिन शहर के विभिन्न इलाकों से पेयजल सप्लाई में गंदा-बदबूदार पानी आने की शिकायतें मिल रही हैं। वार्ड 44 के सेक्टर 7 में भी एक सप्ताह से लोगों के घरों में पेयजल सप्लाई में गंदा-बदबूदार पानी आ रहा है। स्थानीय रणजीत सैनी, हरिराम जांगिड़, अश्वनी, प्रेम, भंवर सिंह सहित अन्य का कहना है कि दूषित पेयजल सप्लाई से करीब 150 घरों के लोग परेशान हैं। सप्लाई में आ रहा पानी मटमैला है, भारी दुर्गन्ध आने की वजह से लोग इस पानी का उपयोग कपड़े धोने में भी नहीं कर रहे हैं। जलदाय विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सका है। इसी तरह सेतिया कॉलोनी, विनोबा बस्ती, इंदिरा कॉलोनी और गुरूनानक बस्ती एरिया में भी लोग गंदे और मटमैले पानी की सप्लाई से परेशान हैं।

# पति ने पत्नी की तकिये से गला दबाकर की हत्या

**हनुमानगढ़,** (कासं)। झगड़े के बाद पति ने तकिये से गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया।

आरोपी बीज निगम में एलडीसी के पद पर कार्यरत है। उसके ऑफिस नहीं पहुंचने पर अधिकारी फोन करने लगे। फोन बंद मिलने पर अधिकारी घर पहुंचे जहां महिला का शव बेड पर पड़ा मिला। महिला का पीहर जयपुर के किशनपोल बाजार में है।

सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि देर शाम हनुमानगढ़ टाउन के सूर्यनगर इलाके में एक महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला का शव बेड पर पड़ा हुआ था। उसके चेहरे पर तकिया पड़ा हुआ था, जिससे प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी तकिये से गला दबाकर हत्या की गई है। मृतका की पहचान पूजा (25) के रूप में हुई।

- **आरोपी बीज निगम में एलडीसी है, ऑफिस नहीं आने पर अधिकारी घर पहुंचे तो बेड पर पड़ा मिला पत्नी का शव**

वह अपने पति वीरेंद्र रावत के साथ किराये के मकान में रहती थी। वीरेंद्र बीज निगम में एलडीसी के पद पर कार्यरत है और घटना के बाद से ही फरार है।

सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि आरोपी वीरेंद्र रावत बीज निगम के ऑफिस में एलडीसी के पद कार्यरत है। वह ऑफिस नहीं पहुंचा तो अधिकारियों ने फोन किया तो फोन बंद मिला। इस पर शाम को उसके घर पहुंचे तो पूजा की लाश मिलने पर पुलिस को सूचना दी। इस पर टाउन थाना प्रभारी सुभाष चंद्र पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। महिला के पिता जयपुर के मनिहारों का रास्ता किशनपोल बाजार निवासी जगदीश बारी ने हनुमानगढ़ महिला थाने में महिला के पति, जेठ-जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है।

रिपोर्ट में बताया कि पूजा की शादी 14 दिसम्बर 2022 को बीकानेर निवासी वीरेंद्र रावत की साथ हुई थी। उसके बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करते थे। इस कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। आरोपी वीरेंद्र की तलाश जारी है।

## होटल कर्मी काउंटर से 1.45 लाख लेकर पार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सदर थाना क्षेत्र के एक होटल में काम कर रहा कंप्यूटर ऑपरेटर नकदी लेकर फरार हो गया।

होटल मालिक बलराज जाखड़ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 11 एलएनपी क्षेत्र स्थित शौर्य नेचर-वे होटल में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत दीपराज निवासी गली गोविंद नगर, तीन पुली होटल में बिलिंग और कैश लेनदेन का काम देखता था। वह 21 अगस्त से होटल में काम कर रहा था और कैश काउंटर की देखरेख उसी के जिम्मे थी।

होटल मालिक बलराज जाखड़ ने बताया कि दोपहर करीब 4.15 बजे आरोपी दीपराज कैश काउंटर से 1.45 लाख हजार रूपए निकालकर होटल परिसर से बाहर निकल गया। इसके बाद से ही वह संपर्क नहीं कर रहा है और होटल भी नहीं पहुंचा।

# फर्जी दस्तावेज से आम रास्ते पर कब्जे का प्रयास

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आम रास्ते पर कब्जे की नीयत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर पट्टा बनवाने व सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का मामला कोतवाली थाना में इस्तगासे के माध्यम से दर्ज हुआ है।

न्यायालय के आदेश पर संदीप कुमार निवासी सरस्वती नगर व श्योपत सिंह निवासी जानकी नगर सहित अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। परिवादी राजेन्द्र कुमार निवासी विष्णु कॉलोनी ने इस्तगासे के माध्यम से बताया कि वह गत 25-30 वर्षों से वार्ड नंबर 27 में रह रहा है। उसके भूखंड से जुड़े किला नंबर 5 में 15 गुणा 140 फीट की एक सार्वजनिक सड़क है।

कुछ समय पहले मोहल्ले में रहने वाले श्योपत सिंह ने इस सड़क के हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर दिया। जब लोगों ने आपत्ति जताई तो उसने पट्टे का हवाला दिया। परिवादी के

- **जांच में पता चला कि असल में पट्टा किला नंबर 6 का था। जबकि कब्जे की कोशिश किला नंबर 5 में की जा रही थी**

अनुसार जांच में खुलासा हुआ कि पट्टा संदीप कुमार के नाम 20 अप्रैल 2023 को नगर विकास न्यास से जारी करवाया गया था। जांच में पता चला कि असल में यह पट्टा किला नंबर 6 का था। जबकि कब्जे की कोशिश किला नंबर 5 में की जा रही थी। परिवादी के अनुसार नगर विकास न्यास की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने धोखाधड़ी के इरादे से फर्जी इकरारनामे और कूटरचित कागजात पेश कर पट्टा बनवाया था।

# छेड़छाड़ से रोकने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। घमूड़वाली थाना क्षेत्र के एक गांव में राह चलती युवतियों से छेड़छाड़ करने से रोकने पर कुछ लोगों ने परिजनों के साथ मारपीट की। इसे लेकर 9 नामजद व अन्य के खिलाफ घमूड़वाली थाना में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

आरापियों में अमित, अंकित, कालूराम, पवन, सुनील, गोपीराम, बंशीलाल, रणजीत व रानी देवी सहित अन्य शामिल हैं। आरोपी भी परिवादी के ही गांव के रहने वाले हैं। परिवादी ने बताया कि वह अपनी भांजी को बस स्टैंड से लेकर आ रहा था। इसी दौरान एक युवक अमित अपनी बाइक उनके आगे-पीछे करने लगा। बार-बार हॉर्न बजाकर अन्य युवतियों को अश्लील

- **राह चलती युवतियों से छेड़छाड़ करने से रोकने पर मारपीट**

इशारे कर रहा था। परिवादी ने बताया कि बाइक पर पीछे बैठी उसकी भांजी ने इसके बारे में बताया। इस पर बाइक रोक युवक को समझाने का प्रयास किया। परिवादी ने आरोप लगाया कि घर पहुंचने पर देखा कि कुछ लोगों ने उसके चाचा की परचून की दुकान का सामान बिखेर दिया। सभी लोग उसके घर पहुंचकर महिलाओं सहित सभी सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में उसके परिवार के सदस्यों को चोटें आई।

## भेड़-बकरी पालन प्रशिक्षण 16 से

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास पर 16 से 22 सितम्बर तक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

पशुधन उत्पादन सहायक प्राध्यापक और आयोजन प्रभारी डॉ शंकरलाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग, कृषि महाविद्यालय तथा बीकानेर केवीके द्वारा इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। सात दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों और पशुपालकों को भेड एवं बकरी पालन में व्यावहारिक कौशल, पोषण प्रबंधन, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा सरकारी भेड बकरी फार्मों का भ्रमण करवाया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बैंक लोन की जानकारी दी जायेगी।

# धरना दे रहे कांग्रेस नेताओं और पुलिस में धक्का-मुक्की

**बीकानेर,**(कासं)। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही से मौत के मामले में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को जबरन उठा दिया गया। पुलिस ने इन लोगों को धरने से पांच मिनट में उठने की चेतावनी दी। जब वे नहीं मानें तो पुलिस ने उनको जबरन हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया।

पिछले दिनों इलाज के दौरान पोलिटेक्निक कॉलेज के पास स्थित एक निजी अस्पताल में रोगी की मौत हो गई थी। इसके बाद से कांग्रेस नेता रामनिवास कूंकणा इस अस्पताल के समक्ष विरोध कर रहे हैं। पहले भी विरोध प्रदर्शन के दौरान दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। कांग्रेस नेता इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की

- **इलाज के दौरान मौत होने पर प्राइवेट अस्पताल के सामने देर रहे थे धरना**
- **पुलिस ने बल प्रयोग कर जबरन उठाया**

मांग कर रहे हैं। वहीं अस्पताल के डॉक्टर का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग कर रहे हैं। बुधवार को इन्हीं मांगों को लेकर अस्पताल के आगे धरना दिया गया। इसके लिए काफी प्रचार प्रसार किया गया। इसके बाद सुबह से अस्पताल के आगे कांग्रेस नेता कूंकणा और उनके समर्थक पहुंच गए। अस्पताल प्रशासन ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच मिनट में ही सभी को धरने से उठने का आदेश दिया।

आदेश नहीं मानने पर कांग्रेस नेताओं को जबरन उठा दिया गया। जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने गिरफ्तार करके नापासर थाने पहुंचा दिया। दोपहर तीन बजे तक सभी नेता नापासर थाने में ही थे। कोई सीनियर कांग्रेस नेता यहां नहीं पहुंचा। कूंकणा ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ अभियान चलता रहेगा। जब तक जिला प्रशासन अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगा।

# ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर में 15 विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी आमजन को अधिकतम राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे सभी राजस्व अधिकारियों के साथ ग्रामीण सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ले रही थी।

जिला कलेक्टर ने बताया कि ये शिविर पहले 18 सितम्बर से शुरू होने थे। लेकिन राज्य सरकार ने एक दिन पहले 17 सितम्बर से इन्हें शुरू करने का निर्णय लिया है। अभियान के प्रथम सप्ताह में शिविरों का आयोजन बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार) को किया जायेगा। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन प्रत्येक तहसील की 02 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि शेष



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।**

अभियान के दौरान अंतर्गत शिविर सप्ताह में गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रतिदिन प्रत्येक तहसील की 02-02 ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जायेंगे। अभियान की अवधि तब तक होगी जब तक कि प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन ना हो जावे। जिला कलेक्टर ने बताया

- **जिले में अब 17 से शुरू होंगे ग्रामीण सेवा शिविर, 15 विभागों के काम होंगे**


कि ग्रामीण सेवा शिविर में कुछ अतिरिक्त कार्यों को भी सम्मिलित किया गया है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, चिकित्सा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, वन, पशुपालन, कृषि, ऊर्जा, आयोजन, खाद्य, जनजातीय एवं क्षेत्रीय विकास एवं आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग समेत कुल 15 विभागों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से किया जायेगा।

# बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई

**बीकानेर,** (कासं)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा बाल सुरक्षा संकल्प अभियान की शुरूआत बुधवार को नोखा के राजकीय राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट जुगल किशोर व्यास तथा किशोर न्याय बोर्ड सदस्य अरविंद सिंह सेंगर थे। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और आवश्यक जानकारी दी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने बच्चों से संबंधित कानून के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। स्कूलों में आयोजित पेरेंट्स मीटिंग में अभिभावक भाग लें तथा बच्चों का फीडबैक रखें। अभिभावकों को बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी भी होनी चाहिए। किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सेंगर ने बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज




**किशोर न्याय बोर्ड सदस्य अरविंद सिंह सेंगर ने बाल सुरक्षा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।**

के दौर में सबसे ज्यादा नशे के शिकार युवा हो रहे हैं। यह समाज के लिए किसी दंश से कम नहीं है। प्रोटेक्शन ऑफिसर सुमन मेहरा ने बाल विवाह और बाल श्रम के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। सरिता राठौड़ ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद आउटरीच कंपोनेंट के तहत नोखा पुलिस थाना, राजकीय अस्पताल तथा आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया गया। हस्ताक्षर अभियान और बाल शोषण मुक्त समाज में सहयोग के लिए शपथ के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां हुई।